# नव जारी बासमती किस्मों का विवरण

| क्र. सं. | किस्म का नाम | से व्युत्पन्न | सुधार | विशेष लक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूसा बासमती 1847 | पूसा बासमती 1509 | जीवाणुजनित पत्ती झुलसा (Bacterial Leaf Blight) और ब्लास्ट रोग (blast disease) के प्रति प्रतिरोधी | उपयुक्त गुणवत्ता के साथ पीबी 1509 की आइसोजेनेटिक लाइन के समीप |
| 2 | पूसा बासमती 1885 | पूसा बासमती 1121 | जीवाणुजनित पत्ती झुलसा (Bacterial Leaf Blight) और ब्लास्ट रोग (blast disease) के प्रति प्रतिरोधी | उपयुक्त गुणवत्ता के साथ पीबी 1121 की आइसोजेनेटिक लाइन के समीप |
| 3 | पूसा बासमती 1886 | पूसा बासमती 1401/ पीबी 6 | जीवाणुजनित पत्ती झुलसा (Bacterial Leaf Blight) और ब्लास्ट रोग (blast disease) के प्रति प्रतिरोधी | उपयुक्त गुणवत्ता के साथ पीबी 1401/ पीबी6 की आइसोजेनेटिक लाइन के समीप |
| 4 | पूसा बासमती 1692 | पूसा बासमती 1509 | ब्लास्ट रोग (blast disease) के प्रति मध्यम प्रतिरोधी | वंशावली विधि से विकसित, गुणवत्ता और उपज 1509 से बेहतर |

**पूसा बासमती 1885**

यह प्रमाणित किया जाता है कि पूसा बासमती 1885, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों द्वारा (पूसा बासमती 1121 भी आईएआरआई, नई दिल्ली द्वारा विकसित किया गया है) वंशावली प्रजनन विधि (Pedigree Breeding Method) के माध्यम से विकसित पूसा बासमती 1121 का उन्नत रुपांतर है। पूसा बासमती 1885, पूसा

बासमती 1121 की एमएएस व्युत्पन्न निकट आइसोजेनिक लाइन है, जिसमें जीवाणुजनित पत्ती झुलसा और ब्लास्ट रोगों के प्रति अंतर्निहित प्रतिरोध है, जो इस किस्म के उत्पादन के लिए रसायनों के उपयोग को कम करता है।

पूसा बासमती 1885 एक उच्च उपज वाली बासमती किस्म है, जिसकी बीज परिपक्वता 135-140 दिनों में हो जाती है, जो पीबी 1121 के भी समान है। पूसा बासमती 1885 के दाने काफी लंबे पतले होते हैं , जिनमें कभी-कभी दाने में चूने जैसा स्वाद होता है , पकने के बाद दाने की लंबाई अधिक हो जाती है, मध्यम मात्रा में एमाइलोज होता है और सुगंध भी तेज होती है। इस किस्म के दाने परिपक्वता के समय नहीं टूटते जिससे उपज अधिकतम होती है।

**<u>पूसा बासमती 1692</u>**

यह प्रमाणित किया जाता है कि पूसा बासमती 1692 , डॉ. ए. के. सिंह (पूसा बासमती 1509 भी डॉ. ए. के. सिंह और उनकी टीम द्वारा विकसित किया गया है) के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों द्वारा वंशावली प्रजनन विधि के माध्यम से विकसित पूसा बासमती 1509 का उन्नत रुपांतर है। पूसा बासमती 1692 ब्लास्ट रोग के प्रति औसत दर्जे से प्रतिरोधी है और इसमें भूरा पादप फुदका (Brown Plant Hopper) का संयोग तुलनात्मक रूप से कम होता है, जिसके चलते इस किस्म के उत्पादन के लिए रसायनों का उपयोग कम हो जाता है।

पूसा बासमती 1692 एक उच्च उपज वाली कम अवधि की बासमती किस्म है, जिसकी बीज परिपक्वता 110 से 115 दिनों में हो जाती है, जो पीबी 1509 के भी समान है। पूसा बासमती 1692 की गुणवत्ता भी पूसा बासमती 1509 से बेहतर है , जिसमें लंबे पुष्पगुच्छ के साथ अतिरिक्त लंबे पतले दाने और उच्च हेड राइस रिकवरी (HRR) होता है। इस किस्म के दाने परिपक्वता के समय नहीं टूटते जिससे उपज अधिकतम होती है।

**पूसा बासमती 1847**

यह प्रमाणित किया जाता है कि पूसा बासमती 1847, पूसा बासमती 1509 का उन्नत रुपांतर है, जिसे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान , पूसा, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों द्वारा (पूसा बासमती 1509 भी आईएआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है) मार्कर सहायता-(एमएबीबी) प्राप्त बैकक्रॉस प्रजनन विधि के माध्यम से विकसित किया गया है। पूसा बासमती 1847, पूसा बासमती 1509 की एमएएस व्युत्पन्न निकट आइसोजेनिक लाइन है, जिसमें जीवाणुजनित पत्ती झुलसा और ब्लास्ट रोगों के प्रति अंतर्निहित प्रतिरोध है , जो इस किस्म के उत्पादन के लिए रसायनों के उपयोग को कम करता है।

पूसा बासमती 1847 एक उच्च उपज वाली बासमती किस्म है, जिसकी बीज परिपक्वता 115-120 दिनों में हो जाती है, जो पीबी 1509 के भी समान है। पूसा बासमती 1885 के दाने काफी लंबे पतले (8.51mm) होते हैं, जिनमें कभी-कभी दाने में चूने जैसा स्वाद होता है , पकने के बाद दाने की लंबाई अधिक (16.69mm) हो जाती है, मध्यम मात्रा में एमाइलोज होता है और सुगंध भी तेज होती है। इस किस्म के दाने परिपक्वता के समय नहीं टूटते जिससे उपज अधिकतम होती है।

**पूसा बासमती 1886**

यह प्रमाणित किया जाता है कि पूसा बासमती 1886 पूसा बासमती 1401 (पीबी 6) का उन्नत रुपांतर है, जिसे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान , पूसा, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों द्वारा (पूसा बासमती 1401/ पीबी 6 भी आईएआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है) मार्कर सहायता प्राप्त बैकक्रॉस प्रजनन की समकालिक लेकिन चरणबद्ध विधि के माध्यम से विकसित किया गया है। पूसा बासमती 1886, पूसा बासमती 1401/ पीबी 6 की एमएएस व्युत्पन्न निकट आइसोजेनिक लाइन है, जिसमें जीवाणुजनित पत्ती झुलसा और ब्लास्ट रोगों के प्रति अंतर्निहित प्रतिरोध है , जो इस किस्म के उत्पादन के लिए रसायनों के उपयोग को कम करता है।

पूसा बासमती 1886 एक उच्च उपज वाली बासमती किस्म है, जिसकी बीज परिपक्वता 135-140 दिनों में हो जाती है, जो पीबी 1401/ पीबी 6 के भी समान है। पूसा बासमती 1886 के दाने काफी लंबे पतले (7.77mm) होते हैं, जिनमें दाने में चूने जैसा कोई गुण नहीं होता , पकने के बाद दानों की लम्बाई अधिक हो जाती है (15.21 mm), मध्यम मात्रा में एमाइलोज होता है और सुगंध भी तेज होती है। इस किस्म के दाने परिपक्वता के समय नहीं टूटते जिससे उपज अधिकतम होती है।

*संदर्भ*: अखिल भारतीय चावल सुधार कार्यक्रम की वार्षिक रिपोर्ट